-

# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**27.12.2025** **18:00 बजे**

## डॉक्टर हड़ताल

आई.जी.एम.सी शिमला सहित प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ा है। हालांकि राज्य सरकार के सख्त निर्देशों के बाद आई.जी.एम.सी शिमला में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन की हड़ताल के बाद रूटीन ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं जबकि आपातकालीन ऑपरेशन जारी हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने आज आईजीएमसी में विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को रद्द करने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर सोहेल शर्मा ने कहा कि इस बर्खास्तगी को लेकर प्रदेश भर के डॉक्टरों में खासा रोष है और वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को तुरंत रद्द करने की मांग की है।

इस बीच हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ और डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों ने भी इस हड़ताल को अपना समर्थन दिया है।

## धनीराम शांडिल

इधर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटने के बाद डॉक्टरों की हड़ताल का मामला सुलझा दिया जाएगा। उन्होंने डॉक्टरों की हड़ताल को गलत बताते हुए कहा कि यदि आरोपी डॉक्टर पहले ही माफी मांग लेते तो इस तरह की स्थिति उत्पन्न न होती। शांडिल ने कहा कि डॉक्टर का कार्य बेहद महत्वपूर्ण व ज़िम्मेदारी वाला होता है और सरकार भी किसी के करियर के खिलाफ नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हर गलती में सुधार की संभावना रहती है।

## केन्द्रीय सहायता

केन्द्र सरकार ने एन.डी.आर.एफ के तहत आपदा राहत के लिए हिमाचल को 6 सौ एक करोड़ 92 लाख रूपये की दूसरी किश्त जारी कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल ने इस आर्थिक मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस राशि से प्रदेश में विकास कार्यों में तेज़ी आएगी और आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

सांसद सुरेश कश्यप ने भी आपदा पुनर्वास के लिए जारी की गई दूसरी किश्त पर केन्द्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी है। सुरेश कश्यप ने कहा कि आपदा में केन्द्र सरकार हिमाचल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और अब तक 5 हज़ार 8 सौ करोड़ रूपये से अधिक की राहत राशि दी गई है।

**<u>कुलदीप पठानिया</u>**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत्त है और पहले चरण में प्रदेश के एक सौ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को सी.बी.एस.ई से संबद्ध किया गया है। उन्होंने आज चंबा ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थुलेल में वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कुलदीप पठानिया ने कहा कि हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यो में शामिल हो गया है और सरकार की नीतियों व प्रयासों से 21वें स्थान से 5वें स्थान पर आ गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर लगभग 45 लाख रूपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण भी किए।

**<u>अनिरूद्ध सिंह</u>**

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला ज़िले के चौपाल विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ रूपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण किए। इनमें अनेक पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों और जनसुविधा केन्द्रों के उद्घाटन शामिल है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में एक जैसे पंचायत भवन बनाने का निर्णय लिया है, जिस पर एक करोड़ 14 लाख रूपये की राशि प्रति पंचायत भवन खर्च की जाएगी और इस वित्त वर्ष के दौरान अब तक पंचायत भवनों के निर्माण पर 45 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं।